समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बारिश मे टिम डेविड ने की बच्चों जैसी मस्ती, चिन्नास्वामी स्टेडियम मे जमकर नहाए, पानी मे हुंए लोटपोट।

Publisher Published on 16 May 2025



## चिन्नास्वामी (M Chinnaswamy Stadium) मे अंभ्यास के बीच जब बारिश आई तो टिम डेविड ने बच्चों की तरह मस्ती की, वह पानी मे लोटपोट होने लगे. वीडियो वायरल हो रहा है.

रॉयल चैलेजंर्स बेंगलुरु टीम एम चिन्नास्वामी में अभ्यास कर रही थी तभी तेज बारिश आ गई. सभी आरसीबी प्लेयर्स अपनी किट लेकर बाहर चले गए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर टिम डेविड ऐसी बारिश देखकर खुद को रोक नहीं पाए. वह मैदान के बीचों बीच आ गए और बच्चों की तरह नहाने लग गए, उन्होंने अपनी ड्रेस उतार दी और ग्राउंड में जमा पानी के बीच लोटपोट होने लगे. उनका ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है.

### टिम डेविड ने बारिश मे की खूब मस्ती

आईपीएल बहाल होने के बाद पहला मैच **शनिवार, 17 मई** को रॉयल चैलेजंर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा. बेंगलुरु में होने वाले इस मैच में बारिश की संभावना है, पिछले कई दिनों से यहां बारिश हो रही है. आरसीबी प्लेयर्स ऐसे मौसम से बिलकुल दुखी नहीं हैं, क्योंकि अगर बारिश के कारण मैच रद्द भी हुआ तो टीम प्लेऑफ में अपना टिकट कन्फर्म कर लेगी जबकि कोलकाता दौड़ से बाहर हो जाएगी. टिम डेविड ने बारिश में यहां खूब मस्ती की, वह बारिश में दौड़ लगा रहे थे, पानी में डाइव लगाकर एन्जॉय कर रहे थे.

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/05/x-downloader.com_XI5CFI.mp4

टिम डेविड को यूं नहाता देख आरसीबी के अन्य खिलाड़ी भी हंस रहे थे, जिसके बाद वह ड्रेसिंग रूम लौटे तो कई खिलाड़ियों ने तालियां बजाई तो कई अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे थे. आपको बता दें कि टिम डेविड के साथ फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी भी आईपीएल मैचों के लिए भारत लौट आए हैं, जो टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद वापस लौट गए थे. विराट कोहली, रजत पाटीदार समेत सभी भारतीय प्लेयर्स ने टीम को ज्वाइन कर लिया है.

### शानदार रही है RCB

अभी तक आरसीबी का प्रदर्शन बेहद ही शानदार रहा है. विराट कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल हैं, उन्होंने 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं. आरसीबी टीम अभी अंक तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसने 11 में से 8 मैच जीते हैं. अब उसके 3 मैच बचे हुए हैं और 1 मैच जीतने पर वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेगी. लेकिन अगर शनिवार को बारिश के कारण आरसीबी बनाम केकेआर मैच बेनतीजा रहा तो भी बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी. खबर है कि टीम में शामिल साउथ अफ्रीकी गेंदबाज लुंगी एनगिडी प्लेऑफ के मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल स्क्वॉड में शामिल हैं.

### कैसा रहेगा शनिवार को बेगंलुरु का मौसम ?

**शनिवार, 17 मई** को बेंगलुरु में मौसम मैच के लिहाज से अच्छा नहीं रहेगा. यहां तेज बारिश की संभावना है. मैच के दौरान भी बारिश की संभावना 75 प्रतिशत तक बनी हुई है जबकि सुबह भी बारिश हो सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.